B-286
L-43
Economy

मुद्रा की परिवर्तनीयता
(Convertibility of currency)

उदारीकरण से जुड़ी हुयी एक अवधारणा जिसके अंतर्गत लोग स्वदेशी मुद्रा को विदेशी मुद्रा में और विदेशी मुद्रा को स्वदेशी मुद्रा में BoP लेनदेनों के लिए आसानी से बदल सकते हैं। इसके अंतर्गत BoP लेनदेनों से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधों, सीमाओं आदि को या तो हटा दिया जाता है या पर्याप्त रूप से ढ़ीला कर दिया जाता है।

प्रकार

- Current Account Convertibility
- Capital Account Convertibility

Current Account Convertibility + Capital Account Convertibility → पूर्ण परिवर्तनीयता

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

भारतीय रूपये की परिवर्तनीयता

Current Account
↓
पूर्ण रूप से, अगस्त 1994 से।

Capital Account
↓
चयनात्मक रूप से परिवर्तनीय

<u>नोट</u>- इस प्रकार, वर्तमान में भारतीय रूपया पूर्ण परिवर्तनीय नहीं है।

पूर्ण परिवर्तनीय बनाने के लिए FCAC (full capital Account Convertibility) को लागू करना होगा।

इस संदर्भ में आवश्यक सुझावों के लिए तारापोर समिति का गठन २ बार (1996, 2006) किया गया है लेकिन कई कारणों से FCAC को लागू नहीं किया जा सका।

KGS IAS

Foreign Direct Investment (FDI)

(विदेशी प्रत्यक्ष निवेश)

किसी एक विदेशी निवेशक द्वारा मेजबान राष्ट्र (Host country) की किसी एक कंपनी की इक्विटी (या अन्य कोई वित्तीय उपकरण जो अनिवार्यतः रूप से इक्विटी में परिवर्तनीय हो) में 10% या इससे अधिक का निवेश करना FDI कहलाता है।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

प्रकृति →

Stable (स्थिर)

Long term (दीर्घकालिक)

Non-Reversible (सामान्यतया वापस नहीं लौटता है)

उपर्युक्त गुणों के कारण यह मेजबान राष्ट्रों के लिए अच्छा माना जाता है।

प्रकार

- **Greenfield FDI** → नई कम्पनी का निर्माण होता है
- **Brownfield FDI** → पहले से चल रही कम्पनी की इक्विटी के स्वामित्व का परिवर्तन होता है।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
KHAN SIR

नोट- मेजबान राष्ट्रों के लिए तुलनात्मक रूप से ग्रीनफील्ड FDI अच्छा होता है क्योंकि यह पूंजी निर्माण, GDP, रोजगार आदि को प्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा देता है।

५.

अनुमति के मार्ग



- दिल्ली मार्ग → संबंधित मंत्रालय → Case by Case → प्रतिबान्धित
- मुम्बई मार्ग → RBI → Automatic → उदारीकृत

KHAN GLOBAL STUDIES KGS IAS Most Trusted Learning Platform

संभावित लाभ →

- पूँजी निर्माण को बढ़ावा मिलता है। (Greenfield FDI के मामले में)।
- नई तकनीकी प्राप्त होती है।
- प्रबंधकीय और विपणन संबंधी कौशल प्राप्त होते हैं।
- निर्यातों को बढ़ावा मिलता है।
- विदेशी मुद्रा भण्डारों को स्थायी रूप से बढ़ावा मिलता है।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) →

विदेशी निवेशकों द्वारा मेजबान राष्ट्र में किया जाने वाला ऐसा निवेश जो उन्हें निवेशित संस्थाओं में नियंत्रणकारी शक्ति नहीं देता है।

यह निवेश इक्विटी, बॉन्ड, डिबेंचर, G-sec आदि में किया जा सकता है।

यह निवेश मुख्य रूप से Secondary Market में प्रवेश करता है, हालाँकि यह IPO, FPO आदि के माध्यम से प्राथमिक बाजार में भी प्रवेश कर सकता है, इसमें निवेशक Diversified Portfolio का निर्माण करते हैं।

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES